276

156

कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी हरदोई

पत्रांक–सी0एफ0ओ0 / विद्यालय–01 / एन0ओ0सी0–2017
दिनाँक मई 20, 2017

सेवा में,

प्रबन्धक / प्रधानाचार्य
जे0 पी0 मेमोरियल ग्लोबल स्कूल
बेहदर कला ,काशिमपुर
जनपद हरदोई

विषय– जे0पी0 मेमोरियल ग्लोबल स्कूल, बेहदर कला ,काशिमपुर जनपद हरदोई मे स्थापित अग्निशमन व्यवस्था का अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध मे।

कृपया अपने प्रार्थना पत्र दिनाँक 17.05.2017 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे,जो उपरोक्त विषयक है। जे0 पी0 मेमोरियल ग्लोबल स्कूल, बेहदर कला ,काशिमपुर जनपद हरदोई विद्यालय भवन मे स्थापित जीवन रक्षा, फायर प्रिवेन्शन एवं फायर प्रोटेक्शन सिस्टम की स्थापना / क्रियाशीलता का एन0बी0सी0–2005 एवं मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के आदेश संख्या 1528 / 79–6 – 2008 दिनाँक 20.7.2009,सचिव (शिक्षा) उ0 प्र0 शासन के आदेश संख्या 1801 / 15–7–09(124) / 2009 दिनाँक 20.7.2009 व उत्तर प्रदेश शासनादेश संख्या–2200 / 79–6– 2008 दिनाँक 25.09.2009 के अनुसार विद्यालय भवन का अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिकोण से निरीक्षण / परीक्षण किया गया। निम्न तथ्य पाये गये।

स्थापत्य व्यवस्था–

1. पहुँच मार्ग – विद्यालय भवन तक अग्निशमन वाहन पहुँच सकते है।
2. प्लाट एरिया मानचित्र के अनुसार –9000.00वर्गमीटर।
3. विद्यालय भवन प्रथम तल तक निर्मित है।
4. कवर्ड एरिया भूतल–1138.00 वर्गमीटर है।
5. कवर्ड एरिया– प्रथम तल–1138.00 वर्गमीटर है।

उपलब्ध अग्निशमन व्यवस्था–

1. विद्यालय भवन मे कुल 22 अदद फायर एक्सटिंग्यूशर स्थापित है।
2. विद्यालय भवन मे की गयी अग्निशमन व्यवस्था कार्यशील दशा मे पायी गयी।

अतएव उपरोक्तानुसार उपलब्ध अग्नि से सुरक्षा व्यवस्थाओं के आधार पर श्री गंगा प्रसाद मिश्र प्रबन्धक जे0पी0 मेमोरियल ग्लोबल स्कूल, बेहदर कला ,काशिमपुर जनपद हरदोई का अनापत्ति प्रमाण पत्र निम्न शर्तो के अधीन निर्गत किया जाता है–

1– भवन प्रबन्धक को निर्देशित किया जाता है कि भवन मे अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओ को सदैव कार्यशील दशा मे बनाये रखने हेतु मेन्टीनेन्स शेडयूल बनाया जाये तथा उसी के अनुसार कार्यशील दशा मे रखा जाये।
2– भवन मे स्थापित अग्नि शमन प्रणाली के संचालन हेतु नियमित प्रशिक्षित स्टॉफ नियुक्त किया जाये।
3– किसी प्रकार का अतिरिक्त निर्माण कार्य कराये जाने के पूर्व अग्नि शमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।
4–भवन मे स्थापित अग्निशमन व्यवस्थाओ मे किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर इसकी सूचना अविलम्ब स्थानीय अग्निशमन केन्द्र को दी जाये तथा अविलम्ब पायी गयी त्रुटि का निवारण किया जाये।
5– प्रत्येक 6 माह मे एक बार भवन मे कार्यरत सुरक्षा कर्मियो को मॉक ड्रिल / फायर ड्रिल करायी जाये तथा इमरजेन्सी इवेक्यूवेशन प्लान बनाया जाए इसकी जानकारी सुरक्षा कर्मियो को प्रदान करायी जाए।
6– वर्ष मे एक बार अग्निशमन विभाग से भवन मे जीवन रक्षा, फायर प्रिवेन्शन तथा फायर प्रोटेक्शन सिस्टम के कार्यशील होने का प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।
7–भवन में स्थापित अग्निशमन व्यवस्थाओ के अनुरक्षण के अभाव मे अथवा लापरवाही के कारण सिस्टम अकार्यशील दशा मे पाये जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व प्रबन्धक का होगा तथा निर्गत प्रमाण पत्र स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।
8–विद्यालय भवन मे जिन कमरो मे एक ही दरवाजा लगा है उन कमरो में 45 से अधिक छात्र / छात्राओं को नही बैठाया जाय।
9–विद्यालय मे भोजन एवं मिड डे मिल आदि भूतल पर निकास मार्गो से दूर टीन सेट अथवा पक्के निर्माण में ही किया जायेगा।
10–विद्यालय भवन मे विस्फोटक पदार्थो का भण्डारण नही किया जायेगा।
11– उक्त शर्तो / निर्देशो का उल्लंघन होने पर निर्गत अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का अनापत्ति प्रमाण पत्र स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

(आर0एस0त्रिपाठी) 20/5
मुख्य अग्निशमन अधिकारी
हरदोई

प्रतिलिपि:–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरदोई को सूचनार्थ ।

(आर0एस0त्रिपाठी)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी
हरदोई

J.P. Memorial Global School
Behandar Kalan, Sandila, Hardoi
Treasurer Chief Executive

Principal
J.P. Memorial Global School
Behander Kalan Kasimpur
Sandila (Hardoi)

Principal
Kendriya Vidyalaya
Afs. Memaura, Lucknow (UP)
Pin- 226401

Principal
Adarsh Vidya Mandir
Senior Secondary School
17, Geetapuram-U...

Scanned with CamScanner